राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक–307/241/एन0यू0एल0एम0/2015–16(समीक्षा) दिनांक–22/04/16

सेवा मे

1. **समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   उ0प्र0।
2. **समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
   उ0प्र0।

विषयः **परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 एवं एन0यू0एल0एम0 के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास(SM&ID) के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूहो के गठन की अवधारणा पर संदर्भ संस्थाओं के प्रतिनिधियों की दिनांक 28.04.2016 को एक दिवसीय कार्यशाला के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 28.04.2016 को समय प्रातः 10:00 बजे से पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ के भूतल स्थित सभागार में निदेशक/मिशन निदेशक की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्यशाला में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन की अवधारणा पर संदर्भ संस्थाओं के शहर समन्वयकों(संदर्भ संस्थाओं के शहर विशेष के प्रभारी प्रतिनिधि जो SHG का कार्य देख रहे हैं को ही प्रतिभाग करना है) एवं स्वयं सहायता समूह(SHG) के रूप में यदि यह कार्य सामुदायिक विकास समिति(CDS) को दिया गया है तो उनकी प्रतिभागिता के साथ–साथ डूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की परियोजना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की जायेगी।

अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला में दिनांक 28.04.2016 को निर्धारित स्थल पर ससमय प्रतिभाग करने हेतु योजनाओं की समस्त सूचनाओं सहित परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 एवं समस्त स्वयं सहायता समूहों के गठन की अवधारण पर समस्त संदर्भ संस्थाओं के शहर समन्वयकों के साथ–साथ यदि स्वयं सहायता समूह का कार्य सामुदायिक विकास समिति(CDS) को दिया गया है तो उनको भी प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपिः

1. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0शासन।
2. निदेशक, (यू0पी0ए0प्रकोष्ठ) आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार।
3. निदेशक कैम्प/वित्त नियंत्रक कैम्प को सूचनार्थ।
4. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 को समस्त सुसंगत सूचनाओं सहित उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु।
5. सूडा के समस्त पटल प्रभारी को समस्त सुसंगत सूचनाओं सहित उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु।
6. संबंधित शहर के स्वयं सहायता समूहों के गठन की अवधारणा पर संदर्भ संस्थाओं के शहर समन्वयकों(संदर्भ संस्थाओं के शहर विशेष के प्रभारी प्रतिनिधि जो SHG का कार्य देख रहे हैं को ही प्रतिभाग करना है) के साथ–साथ स्वयं सहायता समूह(SHG) के रूप में यदि यह कार्य सामुदायिक विकास समिति(CDS) को दिया गया है, को प्रतिभाग करने हेतु।
7. सहायक वेब मास्टर, सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. नाजिर, सूडा को व्यवस्था हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक